<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन किया

बच्चे आर्थिक साक्षरता के प्रति जागरूकता लाये ---राज्यपाल

लखनऊः 03 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ मण्डल द्वारा स्कूली बच्चों के लिये आयोजित क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक, श्रीमती सुप्रिया पटनायक अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित लगभग 180 स्कूलों के बच्चों को आमंत्रित किया गया था।

राज्यपाल ने क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए छात्र-छात्राओं का आह्वाहन किया कि वे आर्थिक साक्षरता के प्रति जागरूकता लायें, जिससे देश की आर्थिक स्थित सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है कि बच्चे अपने परिवारजनों को इस प्रतियोगिता के माध्यम से आर्थिक साक्षरता के बारे में जानकारी देंगे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से यहां उपस्थित छात्र-छात्राएं आगे सफलता पाकर प्रदेश एवं लखनऊ का नाम रौशन करेंगे।

श्री नाईक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की देश के आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। छात्र-छात्राओं को बैंक में खाता खोलने के लाभ बताते हुए कहा कि इससे बच्चे जहां बैंक के काम करने के तरीके से परिचित होंगे तो वहीं उनमें बचत करने का भाव भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में प्रारम्भिक जानकारी बढ़ाने में यह प्रतियोगिता अहम भूमिका निभा सकती है।

राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने जन-धन योजना का शुभारम्भ करने की बात कही थी, जिसके अन्तर्गत करीब डेढ़ करोड़ लोगों ने बैंको में अपना खाता खोला है और एक बड़ी संख्या का खाता खुलना अभी बाकी है। देश के विकास के लिये आर्थिक साक्षरता का ज्ञान होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोग बैंकों से जुड़कर बैंक द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से परिचित होकर अपने व्यवसाय को बढ़ाकर ज्यादा लाभ ले सकते हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक, श्रीमती सुप्रिया पटनायक ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में ऐसी प्रतियोगितायें कानपुर, आगरा, वाराणसी, इलाहाबाद, नोयडा व गाजियाबाद में पूर्व में आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता बच्चों के लिये उपयोगी है। उन्होंने इस अवसर पर सभी का स्वागत किया तथा राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

अन्जुम/रा0/राजभवन